पंजीयन क्रमांक-205, पृष्ठांकन दिनांक 27.01.1989

स्थापना वर्ष 1989

# सद्गुरू नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित

## भोपाल

SNSB

सद्गुरू बैंक

# 35वाँ वार्षिक प्रतिवेदन 2023-2024



पंजीयन क्रमांक -205,मुख्यालय दिनांक 27.01.1989 स्थापना वर्ष 1989

SNSB
सद्गुरू बैंक

# सद्गुरू नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल

**प्रधान कार्यालय:** ई-5/13, प्रथम तल, रविशंकर नगर, अरेरा कॉलोनी, भोपाल-16
दूरभाष: 2422185 से 187 ईमेल - sadgurubank@rediffmail.com, sadgurunagrikbank@gmail.com
वेबसाईट- www.sadgurubank.co.in

क्रमांक/ स.ना.बैंक/2024-2025/291 दिनांक : 06.09.2024

## सूचना

### पैतीसवीं वार्षिक साधारण सभा

माननीय,

सद्गुरू नागरिक सहकारी बैक मर्यादित भोपाल की पैतीसवी वार्षिक साधारण सभा, रविवार, दिनांक 22 सितम्बर 2024 को प्रात:8.30 बजे समन्वय भवन अपैक्स बैंक न्यू मार्केट टी.टी. नगर, भोपाल में दर्शायें गये विषयों पर विषय सूची अनुसार विचारार्थ एवं स्वीकृति प्रदान करने केलिये आयोजित की गई है।

अत: निवेदन है कि बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें।

**'विषय-सूची'**

01 दिनांक 24 सितम्बर 2023 को हुई गत 34 वीं वार्षिक साधारण सभा का कार्यवृत्त वाचन तथा उसकी पुष्टि करना।

02 वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2023-2024 का वाचन एवं 31 मार्च 2024 की स्थिति पर अंकेक्षण प्रतिवेदन को स्वीकृति प्रदान करना।

03 वर्ष 2023-2024 के वित्तीय पत्रकों का अनुमोदन करना ।

04 वर्ष 2023-2024 के शुद्ध लाभ के विभाजन की स्वीकृति प्रदान करना एवं अनुशंसित लाभांश की घोषणा एवं वितरण को स्वीकृति प्रदान करना।

05 वर्ष 2023-2024 के स्वीकृत आय-व्यय बजट से अधिक हुए व्यय की स्वीकृति प्रदान करना ।

06 आगामी वर्ष 2025-2026 के प्रस्तावित आय-व्यय बजट को स्वीकृति प्रदान करना ।

07 आगामी वर्ष 2025-2026 की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन करना ।

08 वित्तीय वर्ष 2023-2024 हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों को बोनस/एक्सग्रेशिया की राशि का भुगतान करने की अनुशंसा/स्वीकृति प्रदान करना।

09 बैंक के वित्तीय वर्ष 2023-24 के लेखा परीक्षण हेतु सनदी लेखा परीक्षक की नियुक्ति करने बाबत की गई कार्यवाही की पुष्टि करना ।

10 अन्य विषय-अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

(संचालक मण्डल की आज्ञा से)
**(अजय खनगन)**
प्रभारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी

**टीप:-** यदि बैठक के लिये नियत समय पर गणपूर्ति न हुई, तो गणपूर्ति के अभाव में बैठक स्थगित की जायेगी तथा स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिनांक 22 सितम्बर 2024 को उसी स्थान पर नियत समय के आधा घन्टे पश्चात् प्रारंभ होगी । यदि स्थगित बैठक में भी गणपूर्ति नहीं होती है, तो गणपूर्ति के अभाव में बैठक उस दिनांक तक के लिए स्थगित हो जायेगी, जो बैठक में उपस्थित सदस्य तय करेंगे ।

**निवेदन:-**

01 प्रतिवेदन में प्रस्तुत जानकारी एवं वित्तीय पत्रकों संबंधी यदि कोई भी सम्मानीय अंशधारी सदस्य साधारण सभा की बैठक में सुझाव देना चाहें, तो कृपया अपने लिखित सुझाव गुरूवार, दिनांक 12 सितम्बर 2024 तक प्रधान कार्यालय में कार्यालयीन समय में देने का कष्ट करें ।

02 वार्षिक साधारण सभा की बैठक में उपस्थित होते समय इस प्रतिवेदन को साथ रखने का कष्ट करें ।

# पैतीसवां वार्षिक प्रतिवेदन-वर्ष : 2023-24

सम्मानीय सदस्यगणों,

सद्‌गुरू नागरिक सहकारी बैंक की पैतीसवीं साधारण सभा की बैठक के अवसर पर मैं सभी उपस्थित अंशधारी सदस्य महानुभावों एवं उपस्थित अतिथियों का हृदय से स्वागत करता हूँ।

भगवान सद्‌गुरू की असीम कृपा एवं आपके सहयोग से अब यह बैंक गौरवशाली छत्तीसवें वर्ष में पदार्पण कर चुकी है। 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष का वार्षिक प्रतिवेदन एवं अंकेक्षित वित्तीय पत्रक प्रस्तुत करने में हमें प्रसन्नता हो रही है।

❖ **प्रगति की एक झलक :-**

गत तीन वित्तीय वर्षो का तुलनात्मक विवरण तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 में हुई वृद्धि/कमी का प्रतिशत निम्नानुसार है :-

**( राशि लाखों में )**

| क्र. | विवरण | 2021-2022 | | 2022-2023 | | 2023-2024 | | गत वर्ष से प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सदस्य संख्या | 9157 | | 9174 | | 9145 | | ( - ) 0.32 |
| 02 | प्रदत्त अंश पूंजी | 152.39 | | 150.99 | | 149.36 | | ( - ) 1.08 |
| 03 | रक्षित एवं अन्य निधियाँ | 1224.08 | | 1276.80 | | 1306.98 | | 2.36 |
| 04 | कुल जमा राशियाँ | 10065.54 | | 9935.17 | | 9784.35 | | ( - ) 1.52 |
| 05 | ऋण एवं अग्रिम | 5958.19 | | 6471.74 | | 6584.52 | | 1.74 |
| 06 | कालातीत ऋण | 256.52 | | 316.90 | | 315.13 | | ( - ) 0.56 |
| 07 | वसूली का मांग से प्रतिशत | 87.07 | | 86.22 | | 82.54 | | ( - ) 3.68 |
| 08 | सकल एनपीए ऋण | 378.46 | ( 6.35% ) | 378.43 | (5.85%) | 358.19 | (5.44%) | ( - ) 5.35 |
| 09 | शुद्ध एनपीए ऋण (प्रतिशत में) | 0.44 | | 0.00 | | 0.00 | | |
| 10 | पूंजी पर्याप्तता मानदण्ड* | 15.03 | | 15.42 | | 15.15 | | ( - ) 1.75 |
| 11 | सकल लाभ | 147.01 | | 101.11 | | 65.93 | | ( - ) 34.79 |
| 12 | शुद्ध लाभ | 73.59 | | 52.79 | | 31.10 | | ( - ) 41.09 |
| 13 | स्वयं की पूंजी | 1270.10 | | 1332.06 | | 1370.17 | | 2.86 |
| 14 | कार्यशील पूंजी | 11335.64 | | 11267.23 | | 11154.52 | | ( - ) 1.00 |
| 15 | अंकेक्षण वर्गीकरण | अ | | अ | | अ | | |

* नियमानुसार 10 प्रतिशत आवश्यक है, जो 5.15 से अधिक है।

❖ **सदस्यता एवं अंश पूंजी:-**

प्रतिवेदन के लेखा वर्ष समाप्ति पर बैंक के सदस्यों की संख्या 9145 रही। बैंक के उपविधि क्रमांक 8 में संशोधन उपरांत बैंक की अधिकृत अंश पूंजी रूपये 500.00 लाख है। प्रतिवेदन वर्ष के प्रारंभ में प्रदत्त अंश पूंजी रूपये 150.99 लाख थी । प्रतिवेदन वर्ष में अंश पूंजी में रूपये 1.63 लाख की कमी होकर वर्षान्त पर अंशपूंजी रूपये 149.36 लाख रही अर्थात् 1.08 प्रतिशत की कमी हुई है ।

❖ **रक्षित एवं अन्य निधियां:-**

वर्ष के प्रारंभ में रक्षित एवं अन्य निधियां रूपये 1276.80 लाख थी, इसमें रूपये 30.18 लाख की वृद्धि होकर वर्षान्त पर कुल रक्षित एवं अन्य निधियां रूपये 1306.98 लाख है अर्थात् 2.36 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

❖ **जमा राशियां :-**

वर्ष के प्रारंभ में अमानतें रूपये 9935.17 लाख थी, इसमें रूपये 150.82 लाख की कमी होकर वर्षान्त पर कुल जमा राशि रूपये 9784.35 लाख है अर्थात् 1.52 प्रतिशत की कमी हुई है।

कुल जमा राशियों में बचत बैंक जमा राशियां 21.83 प्रतिशत, चालू खाते की जमा राशियां 2.75 प्रतिशत एवं सावधि जमा राशियां 75.42 प्रतिशत हैं।

❖ **कार्यशील पूंजी:-**

प्रतिवेदन वर्ष के प्रारंभ में कार्यशील पूंजी रूपये 11267.23 लाख थी, इसमें राशि रूपये 112.71 लाख की कमी होकर वर्षान्त पर कुल कार्यशील पूंजी रूपये 11154.52 लाख हुई अर्थात् 1.00 प्रतिशत की कमी हुई है। कार्यशील पूंजी में निरंतर वृद्धि हेतु बैंक प्रबंधन प्रयत्नशील है।

❖ **ऋण एवं अग्रिम:-**

प्रतिवेदन वर्ष के प्रारंभ में बैंक का ऋण एवं अग्रिम रूपये 6471.74 लाख था। वर्षान्त 31 मार्च 2024 की स्थिति पर राशि रूपये 112.78 लाख की वृद्धि होकर रूपये 6584.52 लाख हो गया अर्थात् 1.74 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा एकल उधारकर्ता के लिए अधिकतम ऋण वितरण सीमा बाबत दिये गये मार्गदर्शी दिशा-निर्देशानुसार वर्तमान में एकल उधारकर्ता को अधिकतम ऋण राशि रू. 107.87 लाख तथा समूह उधारकर्ता के लिए राशि रू. 179.78 लाख निर्धारित की गयी है। आलोच्य वर्ष में बैंक द्वारा आवास ऋण, अचल संपत्ति के विरुद्ध व्यक्तिगत ऋण/ अधिविकर्ष सीमा, कार/दुपहिया वाहन ऋण, व्यवसायियों को ऋण, लघु एवं कुटीर उद्योग, वेतनधारी कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत ऋण आदि प्रयोजनों के लिए अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराये जाने एवं ऋण बढ़ाने हेतु प्रयास किये गये। अंशधारी सदस्यों एवं ग्राहकों को अविलम्ब ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से एवं ऋण स्वीकृति में लगने वाले समय में कमी लाने हेतु संचालक मंडल द्वारा अपने ऋण स्वीकृति के अधिकार शाखा प्रबंधक/प्रभारी / मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं ऋण समिति को प्रत्यायोजित किये गये हैं, फलस्वरूप सभी ऋण प्रकरणों में कम से कम समय में शाखा प्रबंधक या ऋण समिति द्वारा ऋण स्वीकृति प्रदान की जाती है। बैंक द्वारा समय-समय पर ऋण नीति की समीक्षा कर ऋण नियम एवं स्वीकृति की प्रक्रिया में सरलीकरण कर ऋण एवं अग्रिम में वृद्धि बाबत सघन प्रयास किये जा रहे हैं।

प्रतिवेदन वर्ष में विभिन्न प्रयोजनों हेतु वितरित ऋण एवं अग्रिम निम्नानुसार हैं:- (राशि रूपये लाखों में)

| **01 अल्पकालीन ऋण:-** | | **राशि (31.03.2024)** | **कुल ऋण का %** |
|---|---|---|---|
| 1. व्यावसायिक नकद साख सीमा | | 301.01 | 4.57 |
| 2. अधिविकर्ष सीमा (व्यक्तिगत) | | 1101.59 | 16.73 |
| 3. स्वर्ण आभूषण के तारण पर | | 43.95 | 0.67 |
| 4. सावधि जमा की प्रतिभूति पर | | 673.45 | 10.23 |
| 5. राष्ट्रीय बचत पत्र, किसान विकास पत्र आदि की प्रतिभूति पर | | 3.33 | 0.04 |
| 6. अन्य ऋण | | 0.19 | 0.01 |
| | **योग** | 2123.52 | 32.25 |
| **02 मध्यम/दीर्घ अवधि ऋण :-** | | | |
| 1. व्यक्तिगत ऋण, अचल संपत्ति के बंधक के विरूद्ध, दुकान क्रय, व्यवसायिक ऋण वाहन ऋण आदि हेतु | | 2942.53 | 44.69 |
| 2. मकान निर्माण, मकान/फ्लैट क्रय, मरम्मत आदि हेतु | | 1518.47 | 23.06 |
| | **योग** | **4461.00** | 67.75 |
| | **कुल योग** | 6584.52 | 100 |

बैंक द्वारा अपनी ऋण एवं अग्रिम योजनाओं के ब्याज दरों को इस प्रकार अनुकूल बनाया गया है कि अन्य सहकारी बैंकों के साथ-साथ निजी एवं राष्ट्रीयकृत बैंकों के अत्यंत प्रतिस्पर्धी ऋण योजनाओं की ब्याज दरों से स्पर्धा कर सकें। वर्षान्त पर ऋण एवं अग्रिमों का अमानतों से प्रतिशत 67.30 रहा तथापि उक्त प्रतिशत को बढ़ाने हेतु ऋण एवं अग्रिमों में वृद्धि बाबत अधिक प्रयास किये जा रहे हैं।

**प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के ऋण:-**

❖ 31 मार्च 2024 की स्थिति पर तीनो क्षेत्रो में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा गये दिशा-निर्देशो के अंतर्गत वित्तीय वर्ष के अंत में लक्ष्य की उपलब्धि हेतु अपनायी जाने वाली पद्धति/गणना के अनुसार बैंक का औसत एएनबीसी (Adjusted net Bank Credit) राशि रूपये 5663.91 लाख का प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत वितरित ऋण (राशि रू. 3423.46 लाख) 60.44 प्रतिशत है जो निर्धारित प्रतिशत (60 प्रतिशत) से 0.44 प्रतिशत अधिक है एवं कमजोर वर्ग में वितरित ऋण (राशि रू. 739.49 लाख) 13.06 प्रतिशत है जो निर्धारित प्रतिशत (11.50 प्रतिशत) से 1.56 प्रतिशत अधिक है तथा सूक्ष्म उद्यमो के अंतर्गत वितरीत ऋण (राशि रू.2181.30 लाख) 38.51 प्रतिशत है जो निर्धारित प्रतिशत (7.50 प्रतिशत) से 31.01 प्रतिशत अधिक है।

❖ **ऋण वसूली, कालातीत ऋण एवं वाद दायर प्रकरणों की स्थिति:-**

प्रतिवेदन वर्ष2023-2024 में कुल मांग रूपये 1804.41 लाख में से ऋण वसूली रूपये 1489.28 लाख हुई एवं वर्षान्त 31 मार्च 2024 की स्थिति पर कालातीत ऋण शेष रूपये 315.13 लाख रहा। गत वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वर्षान्त पर कालातीत ऋण शेष में रुपये 1.77 लाख की कमी हुई है, इस वर्षान्त पर ऋण वसूली का प्रतिशत 82.54 रहा है । वर्षान्त 31.03.2024 की स्थिति पर कालातीत ऋण प्रकरणों में वसूली हेतु धारा 64/84 -क में 26 प्रकरण राशि रूपये 73.41 लाख के न्यायालय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाऐं, भोपाल में विचाराधीन है।

वर्षांत पर बैंक को न्यायालय से आदेश प्राप्त होने के पश्चात निष्पादन द्वारा वसूली की धारा 85 के अंतर्गत 58 प्रकरण राशि रू. 77.46 लाख लंबित है।

प्रतिवेदन वर्ष में कालातीत एवं एनपीए ऋण प्रकरणों में ऋणियों एवं जमानतदारों से व्यक्तिगत संपर्क कर ऋण की समयबद्ध वसूली हेतु अधिक सघन प्रयास किये गये, परन्तु अनेकों बार निवेदन करने के बावजूद भी ऐसे ऋणी सदस्य जिनके द्वारा ऋण की अदायगी नहीं की जाती है, उनके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

इस अवसर पर ऐसे ऋणी सदस्य एवं जमानतदार जिनके ऋण खाते कालातीत एवं एनपीए हुए हैं, उन महानुभावों से निवेदन है कि वे कृपया ऋण की कालातीत बकाया राशि यथा शीघ्र जमा करें, जमा कराने हेतु ऋणियों पर अपना प्रभाव डालकर हमें सहयोग प्रदान करें, जिससे बैंक के कालातीत ऋणों में तथा अनुत्पादक आस्तियों (एनपीए) में कमी लाई जा सकती है एवं बैंक के अन्य सदस्यों को ऋण उपलब्ध कराने में अधिक सुविधा हो सकती है।

❖ **वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हेतु प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत वसूली की कार्यवाही :**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत राशि रू. 1.00 लाख से अधिक बकाया एनपीए ऋण प्रकरणों में सीधे तौर पर बिना किसी न्यायालयीन हस्तक्षेप के बैंक के पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति से वसूली की कार्यवाही की जाती है। उक्त अधिनियम के अंतर्गत वर्षान्त 31 मार्च 2024 की स्थिति पर राशि रू. 323.48 लाख के 19 प्रकरण कार्यवाही हेतु लंबित थे।

❖ **अनुत्पादक आस्तियाँ ( एनपीए ऋण )**

भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देश एवं मानदण्डो के पालन में बैंक के ऋण एवं अग्रिम प्रकरणों को उधारकर्ताओं द्वारा ऋण खातों में किये गये व्यवहार एवं जमा की गई मासिक किस्त/ ब्याज की वसूली के आधार पर मानक, अवमानक, संदिग्ध तथा हानिगत आस्तियों में वर्गीकृत किया गया है। दिनांक 31.03.2024 की स्थिति पर बैंक का कुल ऋण शेष राशि रूपये 6584.52 लाख था उक्त ऋण में से अवमानक,संदिग्ध एवं हानिगत प्रकरणों की ऋण राशि रूपये 358.19 लाख के लिये वर्षान्त पर राशि रूपये 272.84 लाख का प्रावधान आवश्यक था, जिसके विरूद्ध बैंक द्वारा डुबंत एवं संदिग्ध ऋण कोष के अन्तर्गत राशि रूपये 397.34 लाख का प्रावधान किया गया है एवं मानक ऋण प्रकरणों की राशि रू. 6226.33 लाख के विरूद्ध आवश्यक प्रावधान राशि रू. 26.79 लाख किया जाना आवश्यक है जिसके विरूद्ध मानक संपत्तियों के प्रति आकस्मिक प्रावधान के अंतर्गत राशि रू. 29.59 लाख का प्रावधान किया गया है। प्रतिवेदन वर्ष समाप्ति पर बैंक के सकल एनपीए की राशि रूपये 358.19 लाख है तथा सकल एनपीए 5.44 प्रतिशत है एवं बैंक का शुद्ध एनपीए शून्य प्रतिशत रहा।

❖ **लाभ का विभाजन :-**

बैंक द्वारा वर्ष 2023-2024 में सकल लाभ राशि रू. 65.93 लाख अर्जित किया है। नियमानुसार सकल लाभ में से निधियों एवं प्रावधानों में समायोजित करने उपरांत शुद्ध लाभ राशि रूपये 31,09,921,41 है। अतः उक्त शुद्ध लाभ का विभाजन निम्नानुसार प्रस्तावित है, कृपया अनुमोदन करने का कष्ट करें :-

| क्रमांक | मद | राशि रूपये |
|---|---|---|
| 01 | रक्षित निधि | 777480.00 |
| 02 | डूबत एवं संदिग्ध ऋण निधि | 197064.41 |
| 03 | भवन निधि | 155496.00 |
| 04 | विकास निधि | 25000.00 |
| 05 | लाभांश संतुलन निधि | 25000.00 |
| 06 | कर्मचारी कल्याण निधि | 25000.00 |
| 07 | कर्मचारी खेल एवं सांस्कृतिक निधि | 11000.00 |
| 08 | शैक्षणिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता पुरस्कार एवं कर्मचारी के लिये पुरस्कार निधि | 50,000.00 |
| 09 | प्रशिक्षण निधि | 62198.00 |
| 10 | अंशो पर लाभांश (10 प्रतिशत) | 1512900.00 |
| 11 | बोनस/एक्सग्रेशिया (08.33 प्रतिशत) | 268783.00 |
| | **कुल योग** | 31,09,921,41 |

नोटः बैंक द्वारा वर्ष 2023-24 हेतु शुद्ध लाभ का विभाजन करते समय अंशधारी सदस्यों को उनके धारित अंशो पर 10 प्रतिशत की दर से लाभांश वितरित करने की अनुशंसा की गयी है। कृपया उक्त प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति प्रदान करें।

❖ **निवेश :-**

बैंक द्वारा प्रतिवेदन वर्ष में राशि रूपये 4011.67 लाख विनियोजित की गई है जिसमें से भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 (सहकारी सोसायटियों को यथा लागू) की धारा 24 के अन्तर्गत दिनांक 31 मार्च 2024 की स्थिति पर राशि रूपये 1889.78 लाख का निवेश सरकारी प्रतिभूतियों में तथा राशि रू.1840.20 लाख स्टेट बैंक आफ इंडिया एवं उनकी सहायक बैंकों तथा सार्वजनिक क्षेत्र की बैंकों में तथा टैक्स फ्री पी.एस.यू. एवं नान एस एल बॉण्ड में राशि रू.281.69 लाख का निवेश किया है। उक्तानुसार कुल विनियोजित राशि पर बैंक द्वारा राशि रुपये 318.52 लाख का ब्याज अर्जित किया है। निवेशों में कोई एन.पी.ए. नहीं है।

❖ **बैंक की पूंजी पर्याप्तता मानदंड अनुसार पूंजी में जोखिम आस्ति अनुपात ( सीआरएआर ):-**

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार उनके परिपत्रों में दिये गये मानदंडों के आधार पर वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिये दिनांक 31 मार्च 2024 की स्थिति पर पूंजी पर्याप्तता मानदंड की गणना की गयी । भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार गैर अनुसूचित शहरी सहकारी बैंक को पूंजी पर्याप्तता मानदंड 10 प्रतिशत प्राप्त करना आवश्यक है। दिनांक 31.03.2024 की स्थिति पर बैंक का जोखिम भारांकित आस्तियों में पूंजी निधियों का प्रतिशत 15.15 है जो कि आवश्यक न्यूनतम सीमा स 5.15 प्रतिशत अधिक है ।

❖ **बजट :-**

संचालक मंडल द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2025-2026 का अनुमानित आय-व्यय पत्रक (बजट) इस साधारण सभा में स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया है, उसे स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें। आय-व्यय पत्रक (बजट) का विवरण प्रस्तुत प्रतिवेदन में पृष्ठ क्रमांक 18 एवं 19 पर दिया गया है।

❖ **निरीक्षण/अंकेक्षण :-**

वर्ष **2023-24** के वित्तीय पत्रकों का अंकेक्षण मेसर्सअग्रवाल कान्हेरे एसोसिएट, सनदी लेखापाल द्वारा किया गया। बैंक के वित्तीय पत्रकों एवं प्रगति के आधार पर सनदी लेखाकार द्वारा बैंक को **'अ'** वर्गीकृत किया है। यह सूचित करते हुये अत्यंत हर्ष हो रहा है कि अपना बैंक स्थापना वर्ष से निरंतर अंकेक्षण में **'अ'** वर्ग प्राप्त कर रहा है। सनदी लेखापाल द्वारा अंकेक्षित वित्तीय पत्रको को आडिट नोट के साथ कार्यालय संयुक्त आयुक्त (अंकेक्षण) सहकारी संस्थाएं, जिला भोपाल में दिनांक 28.06.2024 को निर्गमित किया गया है।

❖ **इस वर्ष बैंक द्वारा आयोजित की गई बैठकें :-**

प्रतिवेदन वर्ष में प्रशासक/ संचालक मंडल की 4/12, ऋण उप-समिति की 4/18, लेखा परीक्षण समिति की 3, परचेस कमेटी की 5, निवेश समिति की 1/12, अल्को समिति की 2/2, स्टाफ समिति की 2, रिकवरी एवं एन.पी.ए. मैनेजमेंट कमेटी की 8 बैठकें सम्पन्न हुई।

❖ **मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण:-**

बैंक प्रबंधन द्वारा अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके कौशल एवं कार्यकुशलता के विकास के लिये समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम/सेमीनार में भेजा जाता है। मानव संसाधन के विकास हेतु बैंक द्वारा अपने कर्मचारी एवं अधिकारियों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भेज कर उनकी कार्यक्षमता एवं ज्ञान में वृद्धि बाबत विशेष ध्यान दिया जाता है।

❖ **वर्तमान बैकिंग प्रतिस्पर्धात्मक परिस्थितियों में बैंक की कार्यनीति :**

वर्तमान में बैंकिंग व्यवसाय आर्थिक संकट से जूझ रहा है । अनेक राष्ट्रीयकृत बैंक व कुछ निजी क्षेत्रों के बैकों के एनपीए में वृद्धि हुई है । आपको जानकर प्रसन्नता होगी की आर्थिक संकट के इस दौर में भी आपकी बैंक सक्षम रूप से निर्बाध कार्यरत है व पूर्व अनुसार इस वर्ष भी लाभप्रद स्थिति में है ।

आपकी बैंक की अपनी सक्षम आर्थिक स्थिति एवं प्रबंधन के कारण व्यवसाय में वृद्धि करने हेतु पूर्ण रूप से तैयार है इसलिए बैंक द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि बैंक के सीडी रेशो में यथाशीघ्र सकारात्मक और भी अधिक वृद्धि की जाये, इस हेतु बैंक का यह प्रयास होगा कि उच्च मूल्य के गुणवत्ता वाले ऋण प्रकरणों के स्वीकृति में यथाशीघ्र एवं उचित निर्णय लेवें साथ ही बैंक के लाभ में और भी अधिक वृद्धि हेतु यह भी प्रयास होगा कि एनपीए खातों के अप्राप्त ब्याज व मूलधन की वसूली हेतु और भी अधिक सघन प्रयास करे । ग्राहकों एवं अंशधारियों को डिपॉजिट पर आकर्षक ब्याज दर दी जा रही है । वर्तमान में देश की 70 प्रतिशत आबादी युवाओं की है, उन्हें भी आकर्षित करने हेतु एटीएम कार्ड से ई-कॉमर्स, उन्नत क्लियरिंग आदि सेवाऐं अतिशीघ्र प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया था, जिसमें वर्तमान में शनैः शनैः प्रगति हो रही है। इसी प्रकार लघु युवा उद्यमियों एवं समाज के असंगठित क्षेत्र के निवासियों हेतु लघु क्रेडिट स्कीम के माध्यम से ऋण प्रदाय करना, ताकि अधिक से अधिक व्यक्तियों को बैंक से जोडा जा सके। आपको अवगत कराते हुए हर्ष हो रहा है कि बैंक द्वारा होस्ट-टू-होस्ट, आरटीजीएस, एनईएफटी सुविधा अपने ग्राहको हेतु प्रदान की जा चुकी है।

❖ **अपने ग्राहक को जानिए "केवायसी नॉर्म्स" :-**

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार बैंक के अंशधारी सदस्यों एवं ग्राहकों के खातों में अपने ग्राहक को जानिए ''केवायसी नॉर्म्स'' का पालन करना अनिवार्य है । अतः बैंक के सभी अंशधारी सदस्य एवं ग्राहकों से निवेदन है कि कृपया अपनी शाखा /प्रधान कार्यालय में पधारकर संबंधित अधिकारी से संपर्क कर अपने खाते /सदस्यता आवेदन में वांछित ''केवायसी नॉर्म्स'' ।(वोटर कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड इत्यादि)को पूर्ण कर, सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

❖ **मेधावी छात्र /छात्राऐं, खिलाडियों, बैंक कर्मचारियों एवं शिक्षक / शिक्षिकाओं का सम्मान पुरस्कार :-**

बैंक द्वारा गत तेईस वर्षो से बैंक के अंशधारी सदस्यों एवं कर्मचारियों के पुत्र/पुत्रियों के लिये शैक्षणिक पुरस्कार योजना चलाई जा रही है। इस योजना के अंतर्गत बैंक के संस्थापक माननीय स्व.श्री राजाभाऊ कुलकर्णी की स्मृति में मेधावी छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया जाता है इसके साथ ही बैंक के प्रथम अध्यक्ष माननीय स्व.श्री अवधूत विनायक कविश्वर की स्मृति में खेलकूद पुरस्कार योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों, बैंक की पूर्व उपाध्यक्ष माननीय स्व.श्रीमती उषा कदम की स्मृति में शिक्षक/शिक्षिकाओं का सम्मान एवं सम्पूर्ण वर्ष के दौरान बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किये गये उत्कृष्ट, उल्लेखनीय, प्रशंसनीय कार्य हेतु अधिकारी वर्ग को दिये जाने वाला पुरस्कार, बैंक के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री अनिल पांडे की स्मृति में कर्मचारी वर्ग को दिये जाने वाला गौरव पुरस्कार, बैंक के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री ग.ल. पराडकर के स्मृति में नगद राशि, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाता है।

**वर्ष 2023-24 हेतु उक्त कार्यक्रम का आयोजन रविवार, दिनांक 22.09.2024 को प्रातः 11:00 बजे समन्वय भवन, अपैक्स बैंक, न्यू मार्केट, टी.टी. नगर, भोपाल में आयोजित किया जाना निर्धारित किया गया है।**

❖ **ग्राहक सुविधाः-**

हम यह मानते हैं कि ग्राहक सर्वोपरि हैं एवं उनके पास सेवा पाने के विकल्प के रूप में अनेकों वित्तीय संस्थाऐं एवं बैंक उपलब्ध होते हुये भी वे हमारे साथ जुड़े हुये हैं । वर्तमान में बैंकों में चल रही प्रतिस्पर्धात्मक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये बैंक द्वारा अपने ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाऐं प्रदान करने की दृष्टि से अनेकों उपाय किये जा रहें हैं एवं नयी-नयी आकर्षक ऋण योजनाऐं न्यूनतम ब्याज दर पर जैसे - आवास ऋण, कार ऋण,स्वर्ण आभूषण के तारण पर ऋण, व्यक्तिगत ऋण, उपभोक्ता ऋण, व्यवसायियों हेतु नगद साख सीमा,अधिविकर्ष सीमा, अचल संपत्ति के बंधक पर सावधि ऋण, बैंक के अंशधारी सदस्यों हेतु सुलभ ऋण योजना लागू की गई हैं । साथ ही उत्तम ग्राहक सेवा उपलब्ध कराने हेतु बैंक की तीनों शाखाएं पूर्णतया कम्प्यूटरीकृत सेवारत हैं । बैंक द्वारा एचडीएफसी बैंक से अपने ग्राहकों हेतु आरटीजीएस/एनईएफटी की सुविधा ली गई है ताकि अन्य बैंको के समान हमारे ग्राहक भी उक्त सुविधा का लाभ ले सकें। बैंक की तीनों शाखाओं में लॉकर सुविधा उपलब्ध है । बैंक द्वारा अपने सदस्यों एवं ग्राहकों को एटीएम की सुविधा उपलब्ध करायी गई है । सभी अंशधारी सदस्यों एवं ग्राहकों से निवेदन है कि बैंक द्वारा दी जा रही सभी बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठायें। बैंक के ऋण एवं अग्रिम को बढ़ाने हेतु बैंक के अंशधारी सदस्यों से निरंतर संपर्क कर उन्हें ऋण एवं अग्रिम के ब्याज दरों से अवगत कराया जा रहा है एवं वर्तमान बैंकिंग रूझानों को दृष्टिगत रखते हुए हमारी बैंक विपणन रणनीति को अपनाते हुए कार्यरत है ।

❖ **कोर-बैंकिंग / अन्य सुविधाएं :-**

1. बैंक की तीनों शाखाऐं एवं प्रधान कार्यालय में सीबीएस सॉफ्टवेयर लगने से सभी शाखाऐं कोर-बैंकिंग प्रणाली के अंतर्गत कार्य कर रही हैं, तथापि तीनों शाखाऐं आपस में जोड़ने से बैंक के ग्राहकों को बैंकिंग की सेवाऐं सभी शाखाओं से प्राप्त हो रही हैं।
2. वरिष्ठ नागरिकों के लिए सावधि अमानतों पर 0.50 प्रतिशत अधिक ब्याज दर की सुविधा प्रदान की गई है।
3. **समस्त अंशधारी सदस्यों से निवेदन है कि पूर्वानुसार ब्याज की राशि से आयकर कटौत्रा में छूट पाने हेतु वे अपनी शाखा में उपस्थित होकर वांछित फार्म 15जी/ 15 एच जो भी लागू हो, अवश्य जमा करें अन्यथा उन्हें प्राप्त होने वाली ब्याज की राशि यदि आयकर नियम के अंतर्गत आती है तो कर का कटौत्रा कर आयकर विभाग को प्रेषित कर दिया जायेगा। साथ ही कृपया अवगत हो कि आप अपना सक्रिय आयकर पेन नम्बर अनिवार्य रूप से संबंधित शाखा में उपलब्ध करायें अन्यथा उक्त स्थिति में नियमानुसार निर्धारित दर से कटौत्रा किया जावेगा।**
4. वरिष्ठ, वृद्धजन एवं दिव्यांग ग्राहकों हेतु ''घर पहुंच सुविधा'' भी उपलब्ध है।

❖ **सुलभ ऋण योजनाः-**

बैंक द्वारा अपने अंशधारी सदस्यों के लिए उनकी आकस्मिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु तुरंत ऋण सुविधा उपलब्ध करने के उद्देश्य से **''सुलभ ऋण योजना''** प्रारंभ की गई है, जिसके तहत राशि रू. 1 लाख तक का ऋण न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

❖ **सुगम ऋण योजनाः-**

बैंक द्वारा कमजोर वर्ग को वित्तीय सहायता उपलब्ध करा कर उनका आर्थिक विकास करने के उद्देश्य से **''सुगम ऋण योजना''** प्रारंभ की गई है, जिसके अंतर्गत बिना किसी व्यक्ति की जमानत के न्यूनतम औपचारिकताओं के साथ राशि रू. 50 हजार का ऋण सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।

❖ **बैंक के द्वारा वित्तीय वर्ष में सम्माननीय अंशधारी सदस्यों, ग्राहकों एवं अधिकारी/कर्मचारियों हेतु किये गये कार्य/दी गई सुविधाए आदिः-**

1. बैंक द्वारा अपने अधिकारी/कर्मचारियों एवं उनके परिवार हेतु आईसीआईसीआई लॉम्बार्ड इंश्योरेंस कंपनी की 'ग्रुप मेडिशील्ड पॉलिसी' ली गई थी, अवगत हो उक्त योजना में इच्छुक अधिकारियों / कर्मचारियों के इंश्योरेन्स का नवीनीकरण दिनांक 16.07.24 को पुनः किया गया, साथ ही अतिरिक्त एक्सीडेंटल पॉलिसी भी ली गई है, यह योजना आने वाले वर्षों में भी अतिरिक्त लाभों के साथ जारी रहेगी।
2. बैंक द्वारा अपने ग्राहकों को जिनके द्वारा पूर्व में बैंक से प्राप्त ऋण की नियमित अदायगी की गई है,उन्हें न्यूनतम औपचारिकताओं के तहत राशि रू. 3.00 लाख तक का ऋण प्रदान करने हेतु विशेष व्यक्तिगत ऋण योजना प्रारंभ की गई है।

3. शैक्षणिक ऋण योजना के अंतर्गत ऋण सीमा राशि 10.00 लाख से बढ़ाकर राशि रू. 40.00 लाख की गई है।
4. ऋण स्वीकृति हेतु वेतनधारियों की आयु सीमा 62 वर्ष की गई एवं व्यवसायियों की आयु सीमा अधिकतम 75 वर्ष की गई है।
5. आवास प्लस ऋण योजना के अन्तर्गत ऋण राशि रू. 5.00 लाख की सुविधा दी जा रही है ।
6. ग्राहकों के मियादी जमा रसीदें नियत दिनांक पर स्वत: नवीनीकरण पद्धति से नवीनीकृत की जा रही है ।

❖ **बैंक के व्यवसाय एवं लाभ में वृद्धि करने हेतु किये जाने वाले कार्य निम्न हैं:-**

1. बैंक के लाभ का अधिकांश प्रतिशत बिना ब्याज आय के रूप में अर्जित करने हेतु प्रयास जारी है। वर्तमान में बैंक द्वारा निश्चित दर पर ऋण प्रदान किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत रेटिंग बेस्ड आधार पर भी ऋणियों को ऋण प्रदान करना, ताकि अच्छे ऋणियों को ऋण दर में लाभ प्रदान किया जा सके ।
2. बैंक के व्यवसाय में वृद्धि करने हेतु मार्केटिंग हब को स्थापित किया गया है ।
3. वर्तमान सकल एनपीए में कमी लाने हेतु और अधिक प्रयास किये जावेगें।
4. बैंक अपने ग्राहकों एवं अंशधारी सदस्यों हेतु कार्पोरेट एजेन्ट के रूप में सम्पूर्ण जनरल इंश्योरेंस मेडीक्लेम के अंतर्गत पॉलिसी जारी करने हेतु इंश्योरेन्स हब स्थापित करने बाबत् कार्यवाही की गयी है।अवगत हो वर्तमान में यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस, एस.बी. आई. जनरल इंशोरेंस, न्यू इण्डिया एशोरेंस एवं भारतीय जीवन बीमा निगम से कार्पोरेट एजेंसी प्राप्त की गयी है।
5. बैंक के ग्राहकों को एटीएम कार्ड की सहायता से ईकॉमर्स की सेवायें शीघ्र उपलब्ध कराई जाने हेतु बैंकप्रयासरत है।
6. **बैंक जमाकर्ता की जमा राशि 5.00 लाख तक बीमा डिपाजिट इंश्योरेंस एण्ड क्रेडिट गारन्टी कॉर्पोरेशन द्वारा सुरक्षित है।**

❖ **आभार:-**

मैं, बैंक के सभी अंशधारी सदस्यों, ग्राहकों, संस्थाओं, शुभचिन्तकों तथा कार्मिकों को ह्रदय से धन्यवाद देता हूँ, जिन्होंने परोक्ष या अपरोक्ष रूप से बैंक की प्रगति एवं विकास में अपना योगदान दिया। बैंक की प्रगति के लिए भारतीय रिजर्व बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाऐं, मध्यप्रदेश, भोपाल, संयुक्त आयुक्त, सहकारी संस्थाऐं, भोपाल तथा मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल, भोपाल को-ऑपरेटिव्ह सेन्ट्रल बैंक लिमिटेड, भोपाल, भारतीय स्टेट बैंक भोपाल, एचडीएफसी बैंक, भोपाल, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक भोपाल, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक भोपाल, आईडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भोपाल, एक्सिस बैंक, भोपाल , दि श्यामरॉव विट्ठल को-ऑपरेटिव बैंक, एवं आईडीबीआई बैंक,डी.सी.बी बैंक, आईसीआईसीआई लॉम्बर्ड इंश्योरेंस कम्पनी, SBI जनरल इंश्योरेंस, भारतीय जीवन बीमा निगम, न्यू इंडिया एश्योरेंस कम्पनी, नेशनल इश्योरेंस कंपनी भोपाल, ट्रस्ट सिस्टम सॉफ्टवेयर प्रा.लि., एन.पी.सी.आई. के समस्त अधिकारियों, प्रबंधकों एवं सभी सलाहकारों द्वारा समय-समय पर दिये गये सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए अत्यंत आभारी हूँ , इसके साथ ही मैं सनदी लेखाकार मेसर्स अग्रवाल कान्हेरे एसोसिएट के पार्टनर अशोक कुमार अग्रवाल सनदी लेखापाल का भी आभारी हूं जिन्होंने बैंक के लेखाओं का लेखा परीक्षण किया है।

**निवेदन:-** कृपया प्रस्तुत प्रतिवेदन में दर्शाये गए अंकेक्षित स्थिति विवरण, लाभ-हानि पत्रक एवं आगामी वर्ष 2025-2026 हेतु प्रस्तावित बजट, वार्षिक कार्ययोजना आदि पर स्वीकृति प्रदान करें/अनुमोदन करें, यह मेरा विनम्र अनुरोध है।

**टीप: वार्षिक प्रतिवेदन के अंतर्गत प्रस्तुत समस्त जानकारी एवं विवरण पूर्ण रूपेण त्रुटिरहित हो, प्रबंधन द्वारा इसका यथा संभव प्रयास किया गया है। तथापि किसी प्रकार की टंकण त्रुटि, आदि की स्थिति में बैंक का मूल अभिलेख ही अंतिम माना जावेगा।**

**विलास बुचके**
अध्यक्ष

## परिवर्तित पता/खाता क्रमांक सूचित करने बाबत निवेदन

बैंक के सभी अंशधारी सदस्यों से निवेदन है कि यदि आपका एवं आपके परिचित सदस्यों का पता बदल गया हो, तो कृपया अपना एवं अपने परिचित सदस्य का परिवर्तित पता एवं आपको समय-समय पर देय लाभांश की राशि जमा करने हेतु इस बैंक की शाखा में खोले गये बचत खाता क्रमांक, बैंक के प्रधान कार्यालय, शेयर कक्ष को लिखित में सूचित करने का कष्ट करें, ताकि परिवर्तित पता शेयर पंजी में नोट किया जा सके एवं भविष्य में आपको वार्षिक प्रतिवेदन तथा समय-समय पर बैंक की गतिविधियों की जानकारी भेजने में सुविधा हो ।

# अंकेक्षण प्रमाण पत्र

मैं, निम्न हस्ताक्षरकर्ता अंकेक्षण विवरण प्रमाणित करता हूं कि मेरी फर्म के अंकेक्षण अधिकारी, निरीक्षण एवं ऑडिटर ने सद्गुरू नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित,भोपाल का वर्ष 2023–2024 का अंकेक्षण मध्यप्रदेश सहकारी समिति अधिनियम एवं पंजीयक, सहकारी समितियां, मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा प्रस्तावित विधि से पूर्ण किया है। बैंक का पंजीयन प्रमाण पत्र / लाइसेंस बैंक में उपलब्ध है।

मेरे द्वारा सद्गुरू नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, भोपाल का दिनांक 31.03.2024 तक की स्थिति का विवरण पत्रक तथा लाभ हानि पत्रक, जो उस दिनांक से समाप्त होने वाले लेखाओं से संबंधित है, का परीक्षण प्रधान कार्यालय तथा शाखाओं द्वारा भेजे गए प्रमाणित लेखाओं के आधार पर किया गया है जो कि इन पत्रकों में सम्मिलित है।

अतः मेरे मत के अंकेक्षण रिपोर्ट में प्रस्तुत टिप्पणियों एवं आक्षेपों को छोड़कर, मैं सूचित करता हूँ कि:–

1. बैंक का व्यवसाय आमतौर पर विधिवत उपनियमों एवं नियमों के अंतर्गत तथा पंजीयक सहकारी समिति भोपाल के प्रशासनिक निर्देशों के एवं बैंकिंग रेगुलेशन अधिनियम की आवश्यकताओं के अनुरूप किया गया है।
2. बैंक का स्थिति विवरण पत्रक परिपूर्ण तथा ठीक है। आवश्यक सभी जानकारियाँ जो कि बैंक के व्यवहार एवं स्थिति को दर्शाते हैं उनका समावेश इन पत्रकों में हैं। मुझे जो जानकारी बैंक की स्थिति के सम्बंध में बताई गयी है तथा जो खातों में दर्शाई गयी है उनका समावेश इन पत्रकों में है। आपत्तियॉ ऑडिट नोट में बताई गई है।
3. आवश्यकतानुसार समस्त जानकारी मेरे संतोष होने तक बैंक द्वारा मुझे उपलब्ध करायी गई है।
4. बैंक का समस्त व्यवहार, व्यवसाय निर्धारित कार्य सीमा के अंतर्गत किया गया है।
5. अंकेक्षण हेतु जो पत्रक बुलाये गए सभी पूर्ण एवं पर्याप्त है।
6. लाभ हानि पत्रक शेष लाभ का सही चित्रण करता है।
7. बैंक की स्थिति विवरण पत्रक एवं लाभ हानि पत्रक नियमों के अनुरूप रखे गए है।
8. मेरे मत से बैंक की समस्त लेखा पुस्तिकाएं आवश्यकता के अनुरूप रखी गयी है।

अतः मै अधिकोष को पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, मध्यप्रदेश द्वारा प्रकाशित निर्देशों में दी गई कसौटी एवं दिशा–निर्देशों एवं तथ्यों के आधार पर बैंक को **"अ"** वर्ग में वर्गीकृत करता हूँ।

कृते मेसर्स अग्रवाल कान्हेरे एसोसिएट्स

स्थानः भोपाल

दिनांकः 28.06.2024

UDIN: 24075857BKAABZ6256

**पार्टनर अशोक कुमार अग्रवाल**

चार्टड अकाउंटेंट

एम.नं. 075857

एफ.आर.एन. 008165 सी

नोटः सनदी लेखापाल द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2023–2024 के अंकेक्षित वित्तीय पत्रको को आडिट नोट के साथ कार्यालय संयुक्त आयुक्त सहकारिता जिला भोपाल, में दिनांक 28.06.2024 को निर्गमित हो चुका है।

# स्थिति विवरण पत्रक -

**विषय क्रमांक 3 : वर्ष 2023-2024 के वित्तीय पत्रकों का अनुमोदन करना।** **( राशि रूपये में )**

| 31.03.2023 | पूँजी एवं देनदारियाँ | | 31.03.2024 |
